# तितली और कली

## Page No 47:

**Question 1: (क) तितली कली के पास क्यों गई थी?**

**(ख) तितली और कली ने क्या खेल खेला?**

**(ग) तितली के क्या कहने पर कली खुश हो गई?**

**Answer:** (क) तितली कली के पास उसे जगाकर खेलने गई थी।

(ख) तितली और कली ने पकड़म-पकड़ाई का खेल खेला।

(ग) तितली द्वारा खेल खेलने की बात सुनकर कली खुश हो गई।

**Question 2:**

| |
|---|
| **गली-गली** का मतलब है सारी गलियाँ<br>**कली-कली** का मतलब है सारी कलियाँ। |

**अब नीचे लिखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओ-**

| | |
|---|---|
| **घड़ी-घड़ी** | **जगह-जगह** |
| **घर-घर** | **डाल-डाल** |

**Answer:** (1) घड़ी-घड़ी=घड़ियाँ- तुम घड़ी-घड़ी बाहर क्यों देख रही हो? (2) जगह-जगह=जगहें- लोग जगह-जगह थूकने से बाज़ नहीं आते हैं। (3) घर-घर=घरों- नेताजी के भाषण घर-घर सुने जाते  थे। (4) डाल-डाल=डालियाँ- बंदर डाल-डाल में जाकर कूद रहा था।

**Question 3: (क) तितली कली के पास कब गई होगी?**

**सुबह** ☐ **दोपहर** ☐ **शाम** ☐

**(ख) तुमने समय का अंदाज़ा कैसे लगाया?**

**Answer:** (क) तितली कली के पास सुबह गई होगी।

(ख) सुबह के समय सारे फूल-पौधे, जीव-जन्तु, पुश-पक्षी उठ जाते हैं। अतः हमने अंदाज़ा लगाया कि तितली भी उसी समय गई होगी।

**Question 4: (क) कविता में से वे शब्द ढूँढ़ो जो सुनने में *कली* जैसे लगते हैं। जैसे- कली, भली।**

**(ख) नीचे दिए गए शब्दों जैसे कुछ शब्द अपने मन से जोड़ो।**

| | | |
|---|---|---|
| **…..बोलो…..** | **…………तितली…………** | **………डाल………** |
| **…………….** | **…………………………….** | **…………………..** |
| **……………..** | **…………………………….** | **…………………..** |

**Answer:** (क) गली, खिली, चली।

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| …..बोलो….. | …………तितली………… | ………डाल……… |
| …..तोलो…. | ………….मितली………… | ………बाल…….. |
| …..खोलो….. | …………..तिल्ली………… | ………ढाल…….. |

**Page No 48:**

**Question 5: (क) महक तुम्हें अच्छी भी लग सकती है और बुरी भी।**

**अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे ………………..**

**बुरी लगने वाली महक को कहेंगे ………………….**

**(ख) ऐसी चीज़ों के नाम लिखो जिनकी महक तुम्हें पसंद है और जिनकी पसंद नहीं है।**

| **पसंद है** | **पसंद नहीं है** |
|---|---|
| ……………………………….. | ……………………………….. |
| ……………………………….. | ……………………………….. |
| ……………………………….. | ……………………………….. |
| ……………………………….. | ……………………………….. |

ग) तुम्हारे आसपास ऐसे कौन-कौन से फूल हैं जिनकी बहुत तेज़ महक है?

फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो।

(घ) तुम्हारे घर में किस-किस तरह की महक आती है? (जैसे- साबुन या तेल की महक गुसलखाने से)

**Answer:** (क) अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे खुशबू।

बुरी लगने वाली महक को कहेंगे बदबू।

(ख)

| पसंद है | पसंद नहीं है |
|---|---|
| नहाने के साबुन की | कपड़े धोने वाले साबुन की |
| चमेली के फूलों की | पसीने की |
| कॉफी की | गंदी जुराबों की |
| खाने की | कूड़े की |

(ग) हमारे आसपास मोगरा, गुलाब के फूल खिलते हैं। इनकी बहुत तेज़ महक होती है।

हमारी भाषा बांग्ला है। बांग्ला भाषा में इन्हें इन नामों से पुकारते हैं-

| बांग्ला भाषा में फूलों के नाम |
|---|
| बेली फूल (मोगरा) |
| गुलाप (गुलाब) |

(नोट: विद्यार्थी इस प्रश्न का उत्तर अपने माता-पिता से पूछकर करें।)

(घ) हमारे घर में इस तरह की महक आती है-

रसोईघर- विभिन्न तरह के खाने की, सरसों के तेल की, कड़ी पत्ते की, अदरक-लहसुन की।

बगीचे- मोगरे तथा अन्य फूलों की।

कमरे- फिनाइल की, पिताजी के इत्र की, सिर पर लगाने वाले तेल की।

**Page No 49:**

**Question 6: खेलने के लिए कली तुरंत जाग गई थी। तुम किस काम के लिए तुरंत जाग जाओगी और किस काम के लिए जागना पसंद नहीं करोगी? क्यों?**

| जागेंगे | नहीं जागेंगे |
|---|---|
| ..................................... | ..................................... |

| | |
|---|---|
| ................................... | ................................... |
| ................................... | ................................... |
| ................................... | ................................... |

**Answer:**

| **जागेंगे** | **नहीं जागेंगे** |
|---|---|
| बाहर खेलने के लिए | छुट्टी के दिन नहाने के लिए |
| खाना खाने के लिए | कुत्ते को घुमाने के लिए |
| बाज़ार जाने के लिए | _ |
| स्कूल जाने के लिए | _ |

छुट्टी के दिन नहाने के लिए- छुट्टी के दिन सुबह उठकर नहाने के लिए नहीं जागेंगे। आराम से देर तक सोएँगे और छुट्टी का आनंद उठाएँगे।

कुत्ते को घुमाने के लिए- कुत्ते को घुमाने के लिए रोज़ ले जाना पड़ता है। यह मुझे अच्छा नहीं लगता है।

(नोट: इस प्रश्न का उत्तर विद्यार्थी स्वयं करें।)

**Question 7:**

| |
|---|
| **हरी डाल पर लगी हुई थी<br>नन्ही सुंदर एक कली** |

**कविता में पौधे की डाल हरे रंग की बताई गई है। नीचे लिखी चीज़ें किन-किन रंगों की हो सकती हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ...................... | **तितली** | ...................... | **सूरजमुखी** |
| ...................... | **बैंगन** | ...................... | **लड्डू** |
| ...................... | **पेंसिल** | ...................... | **प्याला** |
| ...................... | **कुर्ता** | ...................... | **साग** |
| ...................... | **संतरा** | ...................... | **मिट्टी** |

**Answer:** तितली- हल्के हरे, गुलाबी, पीली, काली-भूरी बहुत से रंग की होती हैं।

बैंगन- बैंगनी और हल्के हरे रंग के होते हैं।

पेंसिल- फूलों वाली काली-लाल, तथा बहुत से रंगों की होती हैं।

कुर्ता- सफ़ेद, लाल, पीला, बहुत से रंग का होता है।

संतरा- संतरी रंग का होता है।

सूरजमुखी- यह फूल गहरे पीले रंग का होता तथा इसके बीज काले रंग के होते हैं।

लड्डू- यह पीले रंग का होता है।

प्याला- यह काले, सफ़ेद, लाल बहुत से रंग में मिलते हैं।

साग- यह हरे रंग का होता है।

मिट्टी- यह भूरे, लाल, स्लेटी, पीली बहुत से रंग की होती है।